# भारत की पहली अंडरवाटर मेट्रो सेवा

[स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स](#)

प्रधानमंत्री ने भारत की पहली अंडरवाटर परिवहन सुरंग के उद्घाटन के क्रम में, कोलकाता मेट्रो के एस्प्लेनेड-हावड़ा मैदान खंड का उद्घाटन किया।

- [हुगली नदी](#) के नीचे से गुज़रने वाला यह मार्ग, देश के इंजीनियरिंग कौशल का प्रदर्शन करने वाला, **भारत में सबसे गहरे मेट्रो स्टेशन (30 मीटर की गहराई वाले हावड़ा मेट्रो स्टेशन) का परिचायक है।**
- हुगली नदी (जिसे भागीरथी-हुगली और कटी-गंगा नदियों के नाम से भी जाना जाता है) पश्चिम बंगाल की महत्त्वपूर्ण नदियों में से एक है। यह **लगभग 260 किमी लंबी** है और **गंगा नदी की एक सहायक नदी या शाखा है।** इसकी उत्पत्ति मुर्शिदाबाद (जहाँ गंगा दो भागों में विभाजित हो जाती है) में होती है - बांग्लादेश से बहने वाली शाखा को पद्मा कहा जाता है तथा इसकी दूसरी शाखा हुगली कहलाती है।




[//](#)

**और पढ़ें:** [अटल सेतु न्हावा शेवा सी लिंक](#), [सुदर्शन सेतु](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-s-first-underwater-metro-service